Roll No. ..........................................

**Z–50–A**

Total No. of Questions : 13]

[Total No. of Printed Pages : 8

# 11th ARF(SZ)JKUT2024-25

# 250–A

# HINDI

Time : 3 Hours]

[Maximum Marks : 80

नोट— सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

## खण्ड-क

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

आधुनिक मानव समाज में एक ओर विज्ञान को भी चकित कर देने वाली उपलब्धियों से निरन्तर सभ्यता का विकास हो रहा है तो दूसरी ओर मानव मूल्यों का ह्रास होने से समस्या उत्तरोत्तर गूढ़ होती जा रही है। अनेक सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का शिकार आज का मनुष्य विवेक और ईमानदारी को त्यागकर भौतिक स्तर से ऊँचा उठने का प्रयत्न कर रहा है। वह सफलता पाने की लालसा में उचित और अनुचित की चिन्ता नहीं करता। उसे तो बस साध्य को पाने की प्रबल इच्छा रहती है। ऐश्वर्य की प्राप्ति के लिए भयंकर अपराध करने में भी संकोच नहीं करता।

Turn Over



https://www.jkboseonline.com

वह इनके नित नये-नये रूपों की खोज करने में अपनी बुद्धि का अपव्यय कर रहा है। आज हमारे सामने यह प्रमुख समस्या है कि इन अपराध की वृद्धि पर किस प्रकार रोक लगाई जाये। सदाचार, कर्त्तव्यपरायणता, त्याग आदि नैतिक मूल्यों को तिलांजलि देकर समाज के सुख की कामना करना स्वप्न मात्र है।

**प्रश्न :**

(क) मानव जीवन में समस्याएँ निरन्तर क्यों बढ़ रही हैं ?

(ख) आज का मानव सफलता प्राप्त करने के लिए क्या कर रहा है, जो उसे नहीं करना चाहिए ?

(ग) किन जीवन मूल्यों के द्वारा सुख प्राप्त की कामना की जा सकती है ?

(घ) अनुच्छेद में आये 'उत्तरोत्तर' तथा 'ऐश्वर्य' शब्दों के अर्थ लिखिए।

(ङ) गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। 2×5=10

**खण्ड-ख**

2. 'उत्तम विज्ञापन के लक्षण' को स्पष्ट करके रक्तदान से सम्बन्धित विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

प्रधानाचार्य को शैक्षणिक-योग्यता व चरित्र सम्बन्धी प्रमाण-पत्र हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए। 5



https://www.jkboseonline.com

3. (क) निम्नलिखित शब्दों में तत्सम तथा तद्भव शब्द छाँटिए : 2

पत्र, ब्राह्मण, छाती, अम्बर।

(ख) (i) 'भारतीय' शब्द में .................. प्रत्यय है। 2

(ii) 'ईमानदारी' में मूल शब्द .................. है।

4. निम्नलिखित शब्दों के **दो-दो** पर्यायवाची लिखिए : 2

(क) देह, किरण।

(ख) निम्नलिखित शब्दों में विलोम शब्द लिखिए : 2

श्वेत, सदुपयोग।

(ग) निम्नलिखित शब्दों के अनेकार्थी शब्द लिखिए : 2

अर्थ, हलधर।

**खण्ड-ग**

5. भक्तिकाल का वर्गीकरण करते हुए निर्गुण धारा की विशेषताएँ लिखिए।

**अथवा**

भक्तिकाल को स्वर्ण युग क्यों कहा गया है ? संक्षेप में वर्णन कीजिए। 5



https://www.jkboseonline.com

6. आदिकालीन साहित्य में राजनैतिक परिस्थिति का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

आदिकाल का नामकरण संक्षेप में लिखिए। 2

**खण्ड-घ**

7. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

दोष पराये देखि करि, चल्या हसंत हसंत
अपने चैति न आवई, जिनकी आदि न अंत॥
सूर समर करनी करहिं, कहि न जनावहिं आप
विद्यमान रिपु पाइ रन, कायर करहिं प्रलाप॥

**अथवा**

प्रीति करी काहू सुख न लह्यो।
प्रति पतंग करी दीपक सो आपे प्रान दह्यो।
अलिसुत प्रीति करी जसुत सो संपति हाथ गह्यो।
सारंग प्रीति करी जलसुत सो संपति हाथ गह्यो।
हम जो प्रीति करी माधव सों, चलत न कछू कह्यो।
'सूरदास' प्रभु बिनु दुःख दूनों, नैननि नीर बह्यो। 5



https://www.jkboseonline.com

8. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

शहर में न कोई हलचल थी, न मार-काट। एक बूँद भी खून नहीं गिरा था। आज तक किसी स्वाधीन देश के राजा की पराजय इतनी शान्ति से इस तरह खून बहे बिना न हुई होगी। यह अहिंसा न थी, जिस पर देवगण प्रसन्न होते हैं। यह कायरपन था जिस पर बड़े-से-बड़े कायर आँसू बहाते हैं। अवध के विशाल देश का नवाब बन्दी बना चला जाता था और लखनऊ ऐश की नींद में मस्त था। यह राजनीतिक अध:पतन की चरम सीमा थी।

अथवा

कोई आदमी किसी मरते हुए आदमी के पास नहीं जाता, इस डर से कि वह कत्ल के मामले में फंसा दिया जायेगा। बेटा बीमार बाप की सेवा नहीं करता। वह डरता है, बाप मर गया तो उस पर कहीं हत्या का आरोप नहीं लगा दिया जाय। घर जलते रहते हैं और कोई बुझाने नहीं जाता—डरता है कि कहीं उस पर आग लगाने का जुर्म कायम न कर दिया जाय। बच्चे नदी में डूबते रहते हैं और कोई उन्हें नहीं बचाता। इस डर से कि उस पर बच्चे को डुबाने का आरोप न लग जाय। सारे मानवीय सम्बन्ध समाप्त हो रहे हैं। 5



https://www.jkboseonline.com

9. किसी **एक** कवि का साहित्यिक परिचय लिखिए :

'मीराबाई' **अथवा** 'मलिक मुहम्मद जायसी' 5

10. 'विनय पत्रिका' के काव्यांश का सार लिखिए।

**अथवा**

'एक टोकरी भर मिट्टी' कहानी में जमींदार के रूप में किसका चित्रण किया है ? स्पष्ट कीजिए। 3

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) कबीर एक समाज सुधारक थे। कैसे ?

(ख) जायसी के श्रृंगार चित्रण पर प्रकाश डालिए।

(ग) तुलसीदास की प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए।

(घ) सूरदास जी की काव्य भाषा पर विचार कीजिए।

(ङ) मीरा कृष्ण की उपासना किस रूप में करती है ? वह रूप कैसा है ?

(च) बिहारी जी को बहुज्ञ क्यों कहा जाता है ? 3x3=9



https://www.jkboseonline.com

12. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) 'एक टोकरी भर मिट्टी' कहानी का संदेश क्या है ?

(ख) मिर्जा और मीर की मृत्यु क्यों और कैसे हुई ?

(ग) 'परदा' कहानी के आधार पर बाबर अली खान का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(घ) घर जाने की खुशी होने के बाद भी गजाधर बाबू का मन क्यों दु:खी था ?

(ङ) शांति कौन थी ? उसकी उत्सुकता का क्या कारण था ?

(च) आचरण की सभ्यता का देश कैसा है ? 3×3=9

13. वस्तुनिष्ठ प्रश्न : https://www.jkboseonline.com

(i) किस ज़हरीली हवा ने घाटी को बीमार-सा कर दिया ?

(ii) कबीर किस ईश्वर की भक्ति करते थे ?

(iii) जायसी के गुरु का नाम क्या है ?

(iv) तुलसीदास के बचपन का नाम क्या था ?

(v) सूरदास किस रस के सम्राट कवि माने जाते हैं ?



https://www.jkboseonline.com

(vi) मीरा के गुरु का क्या नाम था ?

(vii) आदिकाल की स्वीकृत समय-सीमा क्या है ?

(viii) भक्तिकाल की प्रमुख दो धाराओं का नाम क्या है ?

(ix) किसके द्वारा विद्या का तीसरा शिव-नेत्र खुल जाता है ?

(x) 'चुप चन्तारा रोना नहीं' कहानी किसने लिखी है ?

(xi) प्रेमचन्द के कोई **दो** उपन्यासों के नाम लिखिए।

(xii) 'भूषण' किस काल के प्रसिद्ध कवि हैं ? 1x12=12



https://www.jkboseonline.com